आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शनिवार 05.07.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों से संवाद किया। स्कूलों में खेल सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल टनकपुर से पिथौरागढ़ पहुंचा। 11 राज्यों के 45 यात्री हैं शामिल।
- पौड़ी जिले में बाल संरक्षण अभियान के तहत 43 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू कर उनके अभिभावकों को सौंपा गया।
- कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में वन्य जीवों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए ऑपरेशन मानसून के तहत वनकर्मियों की टीमें आधुनिक उपकरणों के साथ कर रही निगरानी।

मुख्यमंत्री / बाल संवाद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टनकपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाल संवाद कार्यक्रम में चम्पावत जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से खेल सुविधाओं, उपलब्ध संसाधनों, प्रशिक्षण और आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और वर्तमान खेल नीति युवाओं को मजबूत मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ ही खेलों को भी बराबर महत्व दें। इस दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना'' से नियमित लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे उनके खेल कौशल को संवारने में मदद मिल रही है।
इस कार्यक्रम में चम्पावत, पाटी, चौमेल, टनकपुर और चमदेवल क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र–छात्राएं और शिक्षण स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में खेल गतिविधियों की प्रगति की जानकारी लेना और खिलाड़ियों से उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर चर्चा करना था।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

प्रदेश में पांच साल के बाद शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल आज टनकपुर से पिथौरागढ़ पहुंचा। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। पहले दल के लाइजनिंग ऑफिसर संजय गुंज्याल ने बताया कि इस दल में देश के 11 राज्यों के 45 यात्री शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार यात्री दल के साथ डॉक्टर और कुक की एक 5 सदस्यीय टीम भी जा रही है, जो पूरे 18 दिनों तक यात्रियों के साथ रहेगी, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

वहीं, श्रद्धालु मानसरोवर यात्रा को लेकर काफी उत्साहित दिखे। लखनऊ से आए किशोर शाह ने कहा कि वे लम्बे समय से इस यात्रा का इंतजार कर रहे थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चम्पावत जिले के टनकपुर से कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

चुनाव प्रशिक्षण टिहरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आज टिहरी की जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खंडेलवाल की अगुवाई में नई टिहरी में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को अपनी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी, ताकि विषम परिस्थिति उत्पन्न होने पर भी चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में सहकारिता सचिव डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने सचिव से प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में प्रगति, योजनाओं आदि के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने सहकारिता को आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में इसे और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

बाल संरक्षण अभियान

पौड़ी जिले में बाल संरक्षण अभियान के तहत लक्ष्मणझूला और स्वर्गाश्रम क्षेत्र में बाल श्रम और बाल अधिकारों के उल्लंघन के मामले में 43 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू कर उनके अभिभावकों को सौंपा गया। साथ ही अभिभावकों को सख्त चेतावनी दी गई कि अगर बच्चों को बालश्रम के लिए बाध्य किया गया तो, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि रेस्क्यू किये गये बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग की गई।

जिला परिवीक्षा एवं बाल संरक्षण अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि इन रेस्क्यू किये गये सभी बच्चों को वैधानिक प्रक्रिया के अनुसार अभिभावकों को सौपा गया है और उनकी निगरानी व पुनर्वास की कार्रवाई की जा रही है।

ऑपरेशन मॉनसून

मानसून के आगमन के साथ ही नैनीताल जिले में स्थित कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में कॉर्बेट प्रशासन ने ऑपरेशन मानसून शुरू कर दिया है। वन्यजीवों और जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर वर्ष मानसून सीजन में ये अभियान चलाया जाता है। मानसून के दौरान रिजर्व को पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया जाता है। इस दौरान रिजर्व में वन्यजीवों की तस्करी और अवैध गतिविधियां भी बढ़ जाती है। ऑपरेशन मानसून के तहत वनकर्मियों की टीमें प्रतिदिन 8 से 10 किलोमीटर तक पैदल गश्त करती हैं, जिससे जंगल के अंदरूनी हिस्सों में भी निगरानी की जा सके। कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के निदेशक साकेत बडोला ने बताया कि टीमों द्वारा आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जाता है। इनमें जीपीएस, ऑल–टेरेन व्हीकल्स, मोटर बोट, ड्रोन और एम–स्ट्राइप एप आदि शामिल हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज बागेश्वर और रुद्रप्रयाग जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इस अवधि में राज्य के शेष जिलों में कहीं–कहीं तेज दौर की बारिश होने की संभावना जताई हैं। वहीं, मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए बागेश्वर जिले में आज सभी विद्यालय बंद रहे। इस बीच, राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के अन्य जिलों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है।

ईवीएम वेयहाउस निरीक्षण

चमोली के जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने आज राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में बिजली व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।